


# प्रश्न संग्रह
# कक्षा-7
# इतिहास

सहयोग :-
बबलू सोनी
प्राथमिक विद्यालय कसरांव
फ़तेहपुर।

निर्माणकर्ता :-
राधा रानी त्रिपाठी
सहायक शिक्षिका
पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनगाँव
हसवां-फ़तेहपुर।

प्रश्न 1— हिजरत किसे कहते हैं?

उत्तर— मोहम्मद साहब का मक्का छोड़कर 622 ईसवी में दूसरे शहर मदीना जाना ही हिजरत कहलाता है और इसी समय पर मुसलमानों का हिजरी संवत् प्रारंभ होता है।

प्रश्न 2— मोहम्मद का जन्म किस सन् में हुआ और मृत्यु किस सन् में हुई?

उत्तर— मोहम्मद साहब का जन्म 570 ईसवी में तथा मृत्यु 632 ईसवी में हुई।

प्रश्न 3— मोहम्मद साहब की कौन कौन शिक्षाएं सी थी?

उत्तर— मोहम्मद साहब की शिक्षाएं

1— कलमा,

2— नमाज,

3— रोजा,

4— जकात,

5— हज

प्रश्न 4— महमूद गजनवी ने किस सन् में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया?

उत्तर— महमूद गजनवी ने 1025 ईसवी में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया।

प्रश्न 5— सोमनाथ मंदिर किस क्षेत्र के वेरावल में स्थित है?

उत्तर— सोमनाथ मंदिर गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल में स्थित है।

प्रश्न 6– भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के हाथों किस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई?

उत्तर– भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के हाथों 11 मई 1951 को सोमनाथ को ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थापना की गई।

प्रश्न 7– शतरंज खेल की शुरुआत कहां से हुई थी?

उत्तर– शतरंज खेल की शुरुआत सर्वप्रथम भारत से हुई थी।

प्रश्न 8– महमूद गजनवी ने भारत पर कितने बार आक्रमण किया?

उत्तर– महमूद गजनवी ने भारत पर 17 बार आक्रमण किया।

प्रश्न 9– तहकीक ए हिंद पुस्तक के लेखक कौन थे?

उत्तर– तहकीक ए हिंद पुस्तक के लेखक अलबरूनी थे।

प्रश्न 10– तराइन का युद्ध किस सन् में और किसके किसके बीच हुआ?

उत्तर– तराइन का युद्ध सन् 1191 में मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच हुआ था।

प्रथम 11– मोहम्मद गोरी को गुजरात में किसने पराजित किया?

उत्तर– चालुक्य वंश के राजा मूल ने पराजित किया।

प्रश्न 12– इस्लाम धर्म के संस्थापक कौन थे?

उत्तर– हजरत मोहम्मद साहब।

प्रश्न 13– दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक किसे कहते हैं?

उत्तर– इल्तुतमिश।

प्रश्न 14– 40 गुलाम सरदारों का संगठन किस शासक ने बनाया?

उत्तर– इल्तुतमिश।

प्रश्न 15– कुतुबुद्दीन ऐबक को लाखबख्श क्यों कहा जाता है?

उत्तर- उसकी उदारता के कारण वह लाखों का दान करने वाला दान प्रिय शासक था इसलिए कुतुबुद्दीन ऐबक को लाख बख्श के नाम से भी जाना जाता है।

प्रश्न 16– भारत का पहला तुर्क शासक कौन था?

उत्तर– कुतुबुद्दीन ऐबक।

प्रथम 17– कुतुबमीनार किसने बनवाना शुरू किया वह कितने पूर्ण करवाया?

उत्तर– कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाना शुरू किया था एवं पूर्ण इल्तुतमिश ने करवाया था।

प्रश्न 18– प्रथम मुस्लिम शासिका कौन थी?

उत्तर– इल्तुतमिश की पुत्री रजिया सुल्तान प्रथम मुस्लिम शासिका बनी थी।

प्रश्न 19– इल्तुतमिश ने किसे अपना उत्तराधिकारी बनाया था?

उत्तर– रजिया सुल्तान को बनाया था।

प्रश्न 20– प्रांत (इक्ता) का प्रधान अधिकारी क्या कहलाता था?

उत्तर– इक्तादार।

प्रश्न 21– खिलजी वंश की स्थापना किसने की?

उत्तर– जलालुद्दीन फिरोज।

प्रश्न 22– अलाउद्दीन खिलजी किस सन् में तख्त पर बैठा?

उत्तर– 1296 में दिल्ली के तख्त पर बैठा। अलाउद्दीन खिलजी महान विजेता, कुशल शासक एवं चतुर राजनीतिज्ञ था।

प्रश्न 23– अलाउद्दीन ने भारत के किन किन राज्यों को जीता?

उत्तर– अलाउद्दीन ने भारत के गुजरात, रणथंभौर, चित्तौड़, उज्जैन,   मांडू धार तथा चंदेरी राज्यों को जीता।

प्रश्न 24– अलाउद्दीन का सेनापति कौन था?

उत्तर– मलिक काफूर।

प्रश्न 25– जमीन को बिस्वा से नापने की प्रथा किस शासक ने शुरू की?

उत्तर– अलाउद्दीन ने।

प्रश्न 26– खिलजी वंश कितने वर्ष रहा।

उत्तर–1290 से 1320 ईसवी ( 30 वर्ष)

जलौद्दीन1290 से 1296 इसवी ( 6 वर्ष)

अलाउद्दीन 1296 से 1316 इसवी ( 20 वर्ष)

मुबारक शाह ( अंतिम शासक)

प्रश्न 27– जलालुद्दीन फिरोज के दरबार में प्रमुख कवि कौन कौन थे?

उत्तर– अमीर खुसरो एवं बरनी

प्रश्न 28- अलाउद्दीन के सेनापति ने कितने राज्यों पर विजय प्राप्त की?

उत्तर- देवगिरी, तेलंगाना, होयसल।

प्रश्न 29- तुगलक वंश की स्थापना किसने की?

उत्तर- गयासुद्दीन तुगलक ने ( 1330 इसवी से 1325) तक।

प्रश्न 30- गयासुद्दीन तुगलक के बाद दिल्ली का सुल्तान कौन बना?

उत्तर- गयासुद्दीन तुगलक की मृत्यु के बाद उसका पुत्र जौना खां मोहम्मद बिन तुगलक के नाम से 1325 में दिल्ली का सुल्तान बना।

प्रश्न 31- मोहम्मद तुगलक के शासन् के अंतिम काल में दक्षिण भारत में किन दो नए राज्यों की स्थापना हुई?

उत्तर- (1) विजयनगर (2) बहमनी

प्रश्न 32- किसके शासन काल में मोरक्को के यात्री इब्नबतूता भारत आया और उसने कौन सी पुस्तके लिखी?

उत्तर- मोहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में मोरक्को का यात्री इब्नबतूता भारत आया और उसने रेहाला पुस्तक लिखी।

प्रश्न 33- मोहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली के स्थान पर द्वितीय राजधानी के रूप में किसे चुना?

उत्तर- देवगिरी को।

प्रश्न 34- मोहम्मद बिन तुगलक ने चांदी के स्थान पर किस के सिक्के चलाएं?

उत्तर- मिश्रित धातु के।

प्रश्न 35- फिरोजपुर नगर की स्थापना किसने की?

उत्तर- फिरोज़ शाह तुगलक ने।

प्रश्न 36- लोदी वंश का कौन संस्थापक था?

उत्तर- बहलोल लोदी।

प्रश्न 37- पानीपत का प्रथम युद्ध किसके मध्य लड़ा गया?

उत्तर- इब्राहिम लोदी तथा बाबर के मध्य 1526 ईसवी में लड़ा गया।

प्रश्न 38- सैयद वंश की नीव किसने डाली?

उत्तर- खिज्र खाँ ने और उन्होंने रैयत-ए-आला की उपाधि धारण की।

प्रश्न 39- तुगलक वंश का अंतिम शासक कौन था।

उत्तर- नसीरुद्दीन महमूद।

प्रश्न 40- सिकंदर ने किस सन् में आगरा की स्थापना की?

उत्तर- 1504 ईसवी में।

प्रश्न 41- भूमि नाप के लिए गज-ए-सिकंदरी किसने चलाया था?

उत्तर- सिकंदर लोदी।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न 42- तैमूर की राजधानी कहां थी?

उत्तर- समरकंद में।

प्रश्न 43- सैयद वंश की स्थापना किसने की?

उत्तर- खिज्र खाँ ने और उन्होंने रैयत-ए-आला की उपाधि धारण की।

प्रश्न 44- बाबर कहां का शासक था?

उत्तर- बाबर काबुल का शासक था।

प्रश्न 45- तैमूर ने भारत पर किस सन् में आक्रमण किया?

उत्तर- सन् 1398 में।

प्रश्न 46- पद्मावत की रचना किसने की?

उत्तर- मलिक मोहम्मद जायसी ने की।

प्रश्न 47- सल्तनत काल के फारसी तथा हिंदी के कवियों और लेखकों के नाम बताइए?

उत्तर- अलबरूनी, फिरदौस तथा अमीर खुसरो फारसी के तथा नरपति, नाल्ह, गोरखनाथ, कबीर तथा मलिक मोहम्मद जायसी हिंदी के कवि थे। अमीर खुसरो फारसी तथा हिंदी दोनों के विद्वान थे।

प्रश्न 48 - सल्तनत काल में बनी इमारतों के नाम बताइए?

उत्तर- कुतुब मीनार, फिरोजशाह का किला, अलाई दरवाजा, इल्तुतमिश का मकबरा, जौनपुर का अटाला मस्जिद, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह इत्यादि।

प्रश्न 49- भक्ति काल के प्रमुख संतों के नाम बताइए?

उत्तर- कबीर, चैतन्य महाप्रभु, गुरु नानक, दादू, रैदास, तुकाराम, रामानंद, वल्लभाचार्य, मीराबाई आदि।

प्रश्न 50- सल्तनत काल में कहां की तलवारे प्रसिद्ध थी?

उत्तर- सल्तनत काल में सर्वोत्तम तलवारें वाराणसी ( बनारस) और सौराष्ट्र में बनती थी।

प्रश्न 51- मछेंद्र कौन थे?

उत्तर- मछेंद्र एक प्रसिद्ध वैद्य थे।

प्रश्न 52- जोग कौन थे?

उत्तर- जोग मशहूर शल्य चिकित्सक थे।

प्रश्न 53- बरनी कौन थे?

उत्तर- बरनी प्रसिद्ध विद्वान थे।

प्रश्न 54- बहमनी वंश का संस्थापक कौन था?

उत्तर- बहमनी वंश का संस्थापक हसन् गंगू था और बाद में उन्हें बहमन शाह की उपाधि मिली।

प्रश्न 55- बहमनी राज्य टूटकर कौन-कौन से राज्यों में बँट गया?

उत्तर- बहमनी राज्य टूट कर 5 राज्यों में बँट गया- अहमदनगर, गोलकुंडा, बीजापुर, बरार और बीदर।

प्रश्न 56- हसन् गंगू ( बहमन शाह) ने अपने राज्य को कितने प्रांतों में बांटा?

उत्तर- 4 प्रांतों में बांटा- गुलबर्गा, दौलताबाद, बरार तथा बीदर।

प्रश्न 57- विजयनगर साम्राज्य की नींव किसने रखी थी?

उत्तर- विजयनगर साम्राज्य की नींव हरिहर तथा बुक्का नाम के दो भाइयों ने रखी थी।

प्रश्न 58- हसन् गंगू ( बहमन शाह) ने किसे अपनी राजधानी बनाई?

उत्तर- गुलबर्गा को।

प्रश्न 59- विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का क्या नाम था?

उत्तर- हस्तिनावती ( आधुनिक हंपी) है।

प्रश्न 60- विजयनगर साम्राज्य के प्रमुख शासक कौन थे?

उत्तर- कृष्णदेव राय।

प्रश्न 61- रायचूर दोआब किन नदियों के बीच का क्षेत्र है?

उत्तर- कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के बीच का क्षेत्र है।

प्रश्न 62- प्रथम बार तोप का प्रयोग किनके युद्ध में हुआ था?

उत्तर- बहमनी और विजयनगर के युद्ध में हुआ था।

प्रश्न 63- ईरानी यात्री अब्दुर्रज्जाक विजयनगर में कब से कब तक रहा?

उत्तर- 1442 ईसवी से 1443 ईसवी तक विजयनगर में रहा।

प्रश्न 64- भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की?

उत्तर- बाबर ने की।

प्रश्न 65- खानवा का युद्ध किनके किनके बीच हुआ?

उत्तर- खानवा का युद्ध बाबर और राणा सांगा के बीच 1527 ईसवी में हुआ था जिसमें बाबर की विजय हुई थी।

प्रश्न 66- बाबर के माता पिता किस वंश के थे?

उत्तर- बाबर के पिता तैमूर तथा माता चंगेज खाँ वंश की थी।

प्रश्न 67- बाबर ने किस वंश का अंत किया और किस वंश की स्थापना की?

उत्तर- बाबर ने लोदीवंश का अंत किया और मुगलवंश की स्थापना की।

प्रश्न 68- पानीपत का प्रथम युद्ध कब और किसके बीच हुआ था?

उत्तर- पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 ईसवी में बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच हुआ था जिसमें बाबर की विजय हुई थी।

प्रश्न 69- बाबर ने अपनी आत्मकथा किस भाषा में लिखी?

उत्तर- बाबर ने अपनी आत्मकथा तुर्की भाषा में लिखी जो तुजुक-ए-बाबरी के नाम से प्रसिद्ध है।

प्रश्न 70- बाबर की मृत्यु कब हुई?

उत्तर- बाबर की मृत्यु 26 दिसंबर सन् 1530 में हुई थी।

प्रश्न 71- बाबर ने स्वयं राणा सांगा के बारे में क्या लिखा था?

उत्तर- राणा सांगा ने अपनी वीरता के बल पर भारत में उच्च स्थान प्राप्त किया था।

प्रश्न 72- बाबर का पुत्र हुमायूं मुगल सिंहासन् पर कब बैठा?

उत्तर- 1530 ईसवी में।

प्रश्न 73- चौसा का युद्ध कब और किसके मध्य हुआ था?

उत्तर- चौसा का युद्ध हुमायूं और शेरशाह के मध्य 1539 ईस्वी में हुआ था जिसमें शेरशाह की विजय हुई थी।

प्रश्न 74- हुमायूं की मृत्यु कब हुई थी?

उत्तर- 1556 ईस्वी में पुस्तकालय की सीढ़ियों से उतरते वक्त लड़खड़ा कर गिरे और उनकी मृत्यु हो गई।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न 75- मुगलों ने भारतवर्ष पर लगभग कितने वर्षों तक शासन् किया?

उत्तर- लगभग 200 वर्षों तक।

प्रश्न 76- शेरशाह दिल्ली का शासक कैसे बना?

उत्तर- शेरशाह सन् 1540 की ईसवी में कन्नौज के युद्ध में हुमायूं को हराकर दिल्ली का शासक बना।

प्रश्न 77- शेरशाह सूरी का शासन् काल कितने वर्षों का था?

उत्तर- 5 वर्ष का।

प्रश्न 78- फरीद का नाम शेर खाँ ( शेरशाह सूरी) कैसे पड़ा?

उत्तर- फरीद ने अपने मालिक को बचाने के लिए एक शेर को मार डाला था। तभी से फरीद का नाम शेर खाँ पड़ गया।

प्रश्न 79- शेरशाह भारत का सुल्तान कब बना?

उत्तर- शेरशाह भारत का सुल्तान 1540 ईसवी में बना।

प्रश्न 80- कबूलियत किसे कहते हैं?

उत्तर- किसान भूमि का विवरण सरकार को लिखित रूप में देते हैं जिसे कबूलियत कहते हैं।

प्रश्न 81- ग्राण्ड- ट्रंक- रोड किसने बनवाया?

उत्तर- शेरशाह सूरी।

प्रश्न 82- शेरशाह ने पत्र ले जाने के लिए किसकी स्थापना की?

उत्तर- डाक चौकियों की।

प्रश्न 83- शेरशाह सूरी की मृत्यु कब हुई?

उत्तर- 1545 ईसवी में।

प्रश्न 84- अकबर का पूरा नाम क्या था?

उत्तर- जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर।

प्रश्न 85- अकबर के माता पिता का क्या नाम था?

उत्तर- अकबर की माता का नाम हमीदा बानो बेगम तथा पिता का नाम हुमायूं था।

प्रश्न 86- अकबर के संरक्षक का क्या नाम था?

मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- बैरम खाँ।

प्रश्न 87- पानीपत का द्वितीय युद्ध कब और किसके मध्य हुआ?

उत्तर- पानीपत का द्वितीय युद्ध सन् 1556 ईसवी में अकबर और हेमू के मध्य हुआ जिसमें अकबर को विजय प्राप्त हुई।

प्रश्न 88- अकबर का विवाह किससे हुआ?

उत्तर- अकबर का विवाह आमेर के राजपूत राजा भारमल की पुत्री जोधा से हुआ था।

प्रश्न 89- हल्दीघाटी का युद्ध कब, कहां और किसके मध्य हुआ?

उत्तर- हल्दीघाटी के मैदान में 1576 में अकबर और राणा प्रताप के मध्य हुआ था।

प्रश्न 90- चाँद बीबी कौन थी?

उत्तर- चाँद बीबी अहमदनगर की रानी थी ।

प्रश्न 91- अकबर के नौ रत्नों के नाम लिखिए?

उत्तर- (1) मुल्ला दो प्याजा (2) हकीम हुमाम

(3) अब्दुल रहीम खानखाना (4) अबुल फजल

(5) तानसेन

(6) राजा मानसिंह

(7) राजा टोडरमल

(8) फैजी

(9) बीरबल।

प्रश्न 92- अकबरनामा की रचना किसने की?

उत्तर- अकबरनामा की रचना अबुल फजल ने की।

प्रश्न 93- अकबर ने किस धार्मिक मार्ग को चलाया?

उत्तर- दीन-ए-इलाही।

प्रश्न 94- फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने करवाया?

उत्तर- अकबर ने।

प्रश्न 95- कागज का आविष्कार कहां हुआ था?

उत्तर- चीन में।

प्रश्न 96- जहांगीर किसका पुत्र था और उसके बचपन का क्या नाम था?

उत्तर- जहांगीर अकबर का पुत्र था और उसके बचपन का नाम सलीम था।

प्रश्न 97- जहांगीर ने खुर्रम को कौन सी उपाधि प्रदान की और क्यों?

उत्तर- जहांगीर ने अपने पुत्र खुर्रम को शाहजहां की उपाधि प्रदान की क्योंकि दक्षिण भारत अहमदनगर पर उसने आक्रमण करके मुगल साम्राज्य का अंग बना लिया था।

प्रश्न 98- सर टॉमस रो कौन था?

उत्तर- सर टॉमस रो इंग्लैंड के सम्राट का अधिकारिक राजदूत था।

प्रश्न 99- जहांगीर ने तुजुक ए जहांगीरी आत्मकथा किस भाषा में लिखी थी?

उत्तर- फारसी भाषा में लिखी थी।

प्रश्न 100- जहांगीर ने बादशाह तक अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए क्या किया था?

उत्तर- जहांगीर ने बादशाह तक अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए न्याय की जंजीर लटकवाई थी।

प्रश्न 101- नूरजहां के बचपन का क्या नाम था?

उत्तर- नूरजहां के बचपन का नाम मेहरून्निसा था।

प्रश्न 102- शाहजहां के पिता का क्या नाम था?

उत्तर- शाहजहां के पिता का नाम जहांगीर था।

प्रश्न 103- दुनिया ( विश्व) के सात आश्चर्य कौन-कौन से हैं?

उत्तर- (1) ताजमहल (भारत)

(2) चिचेन इट्ज़ा (मैक्सिको)

(3) चीन की विशाल दीवार(चीन)

(4) माचू पिच्चू ( पेरू)

(5) कोलोसियम ( इटली)

(6) क्राइस्ट द रिडीमर ( ब्राजील)

(7) पेत्रा ( जॉर्डन)

प्रश्न 104- ताजमहल को किसने बनवाया था?

उत्तर- ताजमहल को शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया था।

प्रश्न 105- शाहजहानाबाद का वर्तमान में क्या नाम है और इसे किसने बनवाया था?

उत्तर- शाहजहानाबाद का वर्तमान में नाम दिल्ली का लाल किला है इसे शाहजहां ने बनवाया था।

प्रश्न 106- जामा मस्जिद को किसने बनवाया था और वह कहां पर स्थित है?

उत्तर- शाहजहां ने बनवाया था और वह दिल्ली में स्थित है।

प्रश्न 107- दीवान-ए-खास व दीवान-ए-आम किसने बनवाया और वह कहां पर स्थित है?

उत्तर- शाहजहां ने बनवाया था और वह दिल्ली में स्थित है।

प्रश्न 108- बहुमूल्य रत्नों से जड़ित मयूर सिंहासन् किसने बनवाया था?

उत्तर- बहुमूल्य रत्नों से जड़ित मयूर सिंहासन् (तख्ते ताउस) को शाहजहां ने बनवाया था और विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर भी इसमें लगवाया था।

प्रश्न 109- शाहजहां की मृत्यु कब हुई थी?

उत्तर- शाहजहां की मृत्यु सन् 1666 में हुई थी।

प्रश्न 110- संगमरमर पर रत्नों की जड़ाई को क्या कहते है?

उत्तर- संगमरमर पर रत्नों की जड़ाई को पच्चीकारी कहते हैं।

प्रश्न 111- मुगल वंश का अंतिम शासक कौन था?

उत्तर- मुगल वंश का अंतिम शासक औरंगजेब था।

प्रश्न 112- औरंगजेब सिंहासन् पर कब बैठा?

उत्तर- 1658 ईसवी में।

प्रश्न 113- नादिर शाह कहां का शासक था?

उत्तर- नादिर शाह फारस ( ईरान) का शासक था।

प्रश्न 114- वर्तमान समय में कोहिनूर हीरा कहां है?

उत्तर- वर्तमान समय में कोहिनूर हीरा ब्रिटेन की महारानी के मुकुट में जड़ा है।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न 115- औरंगजेब ने मुहतस्सिब की नियुक्ति क्यों की थी?

उत्तर- औरंगजेब ने मदिरा, भांग आदि के सार्वजनिक सेवन पर प्रतिबंध लगाया और अनैतिकता को रोकने एवं जन आचरण पर नजर रखने हेतु मुहतस्सिब नियुक्त किया।

प्रश्न 116- सतनामियों ने किसके समय में विद्रोह किया?

उत्तर- औरंगजेब के समय में।

प्रश्न 117- महाराजा जसवंत सिंह का किस मुगल शासक से संबंध था?

उत्तर- औरंगजेब से।

प्रश्न 118- मराठा साम्राज्य के प्रथम शासक कौन थे?

उत्तर- शिवाजी थे।

प्रश्न 119- शिवाजी का जन्म कहां हुआ था और उनके माता-पिता का क्या नाम था?

उत्तर- शिवाजी का जन्म 6 अप्रैल 1627 ईसवी में शिवनेर के दुर्ग में हुआ था। इनके पिता का नाम शाहजी भोंसले एवं माता का नाम जीजाबाई था।

प्रश्न 120- शिवाजी का राज्याभिषेक कहां हुआ था?

उत्तर- रायगढ़ में हुआ था

प्रश्न 121- शिवाजी ने अपने राज्य की व्यवस्था के लिए कितने मंत्रियों को नियुक्त किया था ?

उत्तर- 8 मंत्रियों को नियुक्त किया था एवं इन्हें अष्टप्रधान भी कहते हैं।

प्रश्न 122- किस मुगल शासक ने विदेशी कंपनियों को भारत में व्यापार करने की इजाजत दी थी?

उत्तर- जहाँगीर ने।

प्रश्न 123- मराठों ने युद्ध में कौन सी प्रणाली अपनाई थी?

उत्तर- छापामार प्रणाली।

प्रश्न 124- अफजल खाँ को बघनख से किसने मारा था?

उत्तर- शिवाजी ने।

प्रश्न 125- मुगलकालीन प्रसिद्ध गायक का नाम लिखिए ?

उत्तर- तानसेन।

प्रश्न 126- आईन-ए- अकबरी में कितने संगीतकारों के नाम हैं?

उत्तर- 36 संगीतकारों के।

प्रश्न 127- शाहजहां कालीन प्रमुख इमारतों के नाम लिखिए?

उत्तर- आगरा का ताजमहल, दिल्ली का लाल किला, जामा मस्जिद, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास ( दिल्ली) में है।

प्रश्न 128- दारा शिकोह द्वारा फारसी में अनुवादित पुस्तकों के नाम बताएं?

उत्तर- उपनिषद एवं भगवत गीता।

प्रश्न 129- अकबर ने एक नवीन कैलेंडर का निर्माण किया उसे क्या नाम दिया गया था?

उत्तर- इलाही नाम दिया गया था।

कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं एवं तिथियां

622 ईसवी - हिजरी सन् का प्रारंभ।

1025 ईसवी - महमूद गजनवी का सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण।

1191 ईसवी - तराइन का प्रथम युद्ध।

1192 ईसवी - मोहम्मद गौरी की मृत्यु, कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा गुलाम वंश की स्थापना।

1210 ईसवी - इल्तुतमिश का राज्यारोहण।

1236 ईसवी - इल्तुतमिश की मृत्यु, रजिया का राज्य रोहण।

1290 ईसवी - खिलजी वंश की स्थापना।

1220 ईसवी - तुगलक वंश की स्थापना।

1325 ईसवी - मोहम्मद बिन तुगलक का राज्यारोहण।

1398 ईसवी - तैमूर का भारत पर आक्रमण।

1451 ईसवी - लोदी राजवंश की स्थापना।

1526 ईसवी - पानीपत का प्रथम युद्ध व मुगल साम्राज्य की स्थापना।

1527 ईसवी - खानवा का युद्ध।

1528ईसवी –चन्देरी का युद्ध।

1529ईसवी- घाघरा का युद्ध।

1530 ईसवी - बाबर की मृत्यु, हुमायूं का राज्यारोहण।

1539 ईसवी - चौसा का युद्ध।

1540 ईसवी - शेरशाह भारत का सुल्तान बना।

1545ईसवी- कालिंजर का युद्ध।

1556 ईसवी - हुमायूं की मृत्यु, अकबर का राज्यारोहण एवं पानीपत का  युद्ध।

1576 ईसवी - हल्दीघाटी का युद्ध।

1605 ईसवी - अकबर की मृत्यु, जहांगीर का राज्यारोहण।

1628 ईसवी - शाहजहां का राज्यारोहण।

1658 ईसवी - औरंगजेब का राज्यारोहण।

1674 ईसवी - शिवाजी का राज्याभिषेक।

1707 ईसवी - औरंगजेब की मृत्यु।

1739 ईसवी - नादिरशाह का आक्रमण।

1761 ईसवी - पानीपत का तृतीय युद्ध।

सहयोग:- बबलू सोनी

प्राथमिक विद्यालय कसरांव, फतेहपुर

निर्माण कर्त्री : राधा रानी त्रिपाठी

स० अ०

उ० प्रा० वि० सनागांव

हस्वा फ़तेहपुर

मिशन शिक्षण संवाद